फा.सं. ई-शासन/5/2024-ई-समन्वय
संसदीय कार्य मंत्रालय
(ई-समन्वय और ई-शासन अनुभाग)

92, संविधान सदन,
नई दिल्ली।

तारीख: 08.04.2025

**<u>परिपत्र</u>**

**विषय: स्वच्छता पखवाड़ा समारोह, 2025 के संबंध में।**

दिनांक 26.11.2024 के अ.शा.पत्र सं.561/01/01/2017-CA.V के माध्यम से मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा अग्रेषित किए गए स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के कैलेंडर के अनुसरण में, इस मंत्रालय ने 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा 2025 मनाने के लिए कार्य/दैनिक गतिविधियों की योजना तैयार की है जिसकी एक प्रति संलग्न है।

मंत्रालय के सभी अनुभागों से अनुरोध है कि उन्हें निर्दिष्ट गतिविधियों के अनुसार अपेक्षित कदम उठाएं और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

(शरद द्विवेदी)
अवर सचिव

सेवा में,

मंत्रालय के सभी अनुभाग।

प्रतिलिपि: केएमएस/वाट्सएप ग्रुप एमपीए

संसदीय कार्य मंत्रालय

स्वच्छता पखवाडा समारोह, 2025 (16-30 अप्रैल, 2025) के लिए दिन-प्रतिदिन की गतिविधियां/कार्य-योजना

| क्र.सं. | तारीख | प्रस्तावित दिन-प्रतिदिन की गतिविधियाँ | जिनके द्वारा कार्रवाई की जाएगी |
|---|---|---|---|
| 1. | 16.04.2025 | (i) सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा मंत्रालय के सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाना। वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की।<br>(ii) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जैसे ट्विटर के माध्यम से स्वच्छता के बारे में सामाजिक माहौल बनाना। मंत्रालय की वेबसाइट पर स्वच्छता का संदेश प्रदर्शित करना। | ई-समन्वय अनुभाग |
| 2. | 17.04.2025 | मंत्रालय के अनुभागों द्वारा नियमानुसार भौतिक मिसिलों की समीक्षा/छंटाई/अभिलेखबद्ध किया जाना। | सभी अनुभाग और प्रकोष्ठ |
| 3. | 21.04.2025 | मंत्रालय के सभी कमरों में विशेष सफाई अभियान। | सभी अनुभाग और प्रकोष्ठ |
| 4. | 22.04.2025 | अनुपयोगी और खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का संग्रह और उनकी नीलामी। | लेखा एवं क्रय अनुभाग |
| 5. | 23.04.2025 | सीपीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग के माध्यम से बिजली के स्विच बोर्ड ट्यूब लाइटों को बदलना।/खराब बल्बों/पंखों की सफाई/ | ई-समन्वय अनुभाग |
| 6. | 24.04.2025 | जहां आवश्यक हो सीपीडब्ल्यूडी के माध्यम से मंत्रालय के कमरों/कार्यालयों में सफ़ेदी। | ई-समन्वय अनुभाग |
| 7. | 28.04.2025 | सीपीडब्ल्यूडी बागवानी से अनुरोध किया जाएगा कि वे हरित कार्यालय वातावरण के लिए जहां भी आवश्यक हो, कमरों/कार्यालयों में इनडोर पौधे उपलब्ध कराएं। | ई-समन्वय अनुभाग |
| 8. | 29.04.2025 | मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्यालयों/अनुभागों में स्वच्छता की स्थिति की जांच और स्वच्छता मापदंडों के अनुसार अनुभागों/कार्यालयों की रैंकिंग के लिए निरीक्षण। | ई-समन्वय अनुभाग |
| 9. | 30.04.2025 | (i) स्वच्छता मापदंडों के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन अनुभागों को सचिव द्वारा पुरस्कार वितरण और मंत्रालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता का संदेश।<br>(ii) स्वच्छता पखवाड़े की प्रमुख गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करना। | ई-समन्वय अनुभाग |